विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर, जगदलपुर, छ0ग0

पत्र क्रमांक/ 170 /वि.छात्र वृ./श.म.क.वि.वि.ब/2023–24, जगदलपुर, दिनांकः 14/09/2023

// सूचना //

शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर के विभिन्न अध्ययनशालाओं में अध्ययनरत अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो ऑनलाईन आदिवासी विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर जिला बस्तर, जगदलपुर (आदिवासी विकास शाखा) का पत्र क्रमांक/आ.वि./ऑ.पो..छा./4060/2023, जगदलपुर दिनांक 12/09/2023 के अनुसार छात्रवृत्ति हेतु आवेदन करने की समय सीमा दिनाँकः 15/09/2023 से 10/10/2023 तक ऑनलाईन पोर्टल **http://postmatric-cholarship.cg.nic.in/** आवेदन किया जाना निर्धारित है। आवेदन की हार्ड कापी में विभागाध्यक्ष द्वारा प्रमाणित कर समस्त आवश्यक दस्तावेज सहित छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ में जमा करेंगे। निर्धारित तिथियों के पश्चात् छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किये जायेंगें विलंब होने की स्थिति में छात्र स्वयं जिम्मेदार होंगे।

<u>सत्र 2023–24 की निर्धारित तिथियाँ–</u>

क्र.	प्रकिया	अंतिम तिथि
1	विद्यार्थीयों द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु (नवीन/नवीनीकरण)	दिनाँकः 15/09/2023 से दिनांक 10/10/2023
2	Draft Proposal Lock करने हेतु	दिनाँकः 15/09/2023 से दिनांक 17/10/2023
3	Sanction Order Lock करने हेतु	दिनाँकः 15/09/2023 से दिनांक 20/10/2023

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर, छ.ग.

पृ. क्रमांक/171 /वि.छात्रवृ./श.म.क.वि.वि.ब /2023–24, जगदलपुर, दिनांकः 14/09/2023

प्रतिलिपिः–

1. मान. कुलपति महोदय के निज सहायक महोदय शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर, जगदलपुर को सूचनार्थ।
2. समस्त विभागाध्यक्ष– वानिकी/मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला/ग्रामीण प्रौद्योगिकी/समाजकार्य/जैव–प्रौद्योगिकी/बी.एड./अंग्रेजी/राजनीति विज्ञान /प्रबधंन/ कम्प्यूटर को संबंधित विभाग में अध्ययनरत् अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों को निर्धारित समय सीमा में आवेदन हेतु अवगत कराने हेतु सूचनार्थ।
3. आई.टी.सेल/वेबसाईट प्रभारी को विश्वविद्यालय के वेबसाईट में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

प्रभारी, विश्वविद्यालय
छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर, छ.ग.

ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवश्यक निर्देशः–

1. विद्यार्थी को छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
2. विद्यार्थी ST/SC एवं OB C वर्ग का हो।
3. विद्यार्थी का आधार नम्बर बैंक खाता से सीडिंग होना अनिवार्य है।
4. अभिभावक की वार्षिक आय – ST/SC वर्ग के लिए 2.50 लाख एवं OBC वर्ग के लिए 1.00 से कम हो।
5. विद्यार्थीयों को नवीन/नवीनीकरण हेतु आवेदन http://postmatric-scholarship.cg.nic.in/ में करना होगा।

आनॅलाईन आवेदन की हार्ड कॉपी के साथ छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ में निम्नलिखित दस्तावेज प्रस्तुत करें।

1. 10वीं, 12वीं एवं विगत उत्तीर्ण कक्षाओं की अंकसूची की स्वयं छायाप्रतियॉ।
2. जाति/निवास प्रमाण पत्र।
3. वर्तमान सत्र मे जारी किया हुआ आय प्रमाण पत्र की मूल प्रति।
4. आधार कार्ड की छाया प्रति।
5. प्रवेश शुल्क एवं परीक्षा शुल्क रसीद की छायाप्रतियॉ।
6. विद्यार्थी की स्वयं की बैंक पास बुक के प्रथम पृष्ट की स्पष्ट छायाप्रति जिसमें आई0एफ0सी0 कोड उल्लेखित हो। बंद खाता की जानकारी न देवें।
7. गैर–न्यायिक स्टांप पेपर में आय का प्रमाणीकरण की मूल प्रति।
8. छात्रावासी विद्यार्थीयों को छात्रावासी प्रमाण–पत्र (प्रारूप छात्रवृत्ति प्रकोष्ट में प्राप्त करें)

टीपः अधिक जानकारी हेतु छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ में संपर्क कर सकते हैं।

प्रभारी, विश्वविद्यालय छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय,बस्तर
जगदलपुर, छ.ग.

कुलसचिव
शहीद महेन्द्र कर्मा विश्वविद्यालय, बस्तर,
जगदलपुर छत्तीसगढ़